देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया।
- हल्द्वानी में राजकीय शिक्षक संघ की अनूठी पहल। शीतकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क एक्स्ट्रा क्लास का संचालन।
- हरिद्वार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट एकता मॉल का निर्माण किया जा रहा है।
- चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र नीती घाटी में टिम्मरसैंण महादेव के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

धान उत्पादन

भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में यह घोषणा की।

श्री चौहान ने कहा कि अधिक उपज वाली फसलों के विकास में देश को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई प्रजातियां जल्दी से जल्दी किसानों तक पहुंचे। कृषि मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों को अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

एक्स्ट्रा क्लास हल्द्वानी

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में राजकीय शिक्षक संघ द्वारा शीतकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड परीक्षार्थियों को निःशुल्क एक्स्ट्रा क्लास की सुविधा दी जा रही है। पीएम श्री जीजीआईसी हल्द्वानी में अतिरिक्त कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं। शिक्षक प्रमोद भट्ट ने बताया कि 50 शिक्षकों ने अपनी स्वेच्छा से बच्चों को विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम पढ़ाने के सेवा का संकल्प लिया है। एक्सट्रा क्लास के लिए 55 से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कराया है।

जन–जन की सरकार

प्रदेश में आम जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए सभी विकासखंडों और न्याय पंचायतों में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शिविरों के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनता को नजदीकी क्षेत्र में उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत अभी तक 13 शिविर लगाए जा चुके हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए हैं।

पुलिस बैठक

प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साइबर सर्विलांस और साइबर इंटेलिजेंस को विशेष महत्व दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में आंतरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और ड्रग्स–फ्री देवभूमि मिशन को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक ने ए०टी०एस, ए०एन०टी०एफ और ट्रैफिक निदेशालय के पुनर्गठन पर भी जोर दिया। साथ ही ड्रग्स–फ्री उत्तराखण्ड के लक्ष्य को साकार करने के लिए एएनटीएफ को और सशक्त करने के निर्देश दिए गए।

एकता मॉल

हरिद्वार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट एकता मॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें देश के सभी प्रांतों के उत्पाद बेचे जाएंगे। एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारे को साकार करता हुआ यह मॉल जहां भारतीय संस्कृति और लोक कला को एक रूप में पिरोने का काम करेगा, वहीं उत्तराखंड के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी दिलाएगा। हरिद्वार विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया की दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकता मॉल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मॉल भारत की संस्कृति और अनेकता में एकता का एक आदर्श बनेगा। इस मॉल का निर्माण इसी साल पूरा कर लिया जाएगा।

टिम्मरसैंण

चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र नीती घाटी में छोटा अमरनाथ के नाम से विख्यात टिम्मरसैंण महादेव के दर्शनों के लिए इन दिनों आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। वर्तमान शीतकालीन यात्रा के दौरान प्रतिदिन 500 से एक हजार श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। ए श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और सीमांत क्षेत्रों में पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पँवार ने नीती घाटी का दौरा किया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने टिम्मरसैंण महादेव पहुँचकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने तीर्थयात्रियों से यात्रा मार्ग की स्थिति, सुरक्षा और ठहरने की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन के अनुभव साझा किए और पुलिस की उपस्थिति पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, आगामी अप्रैल माह में नीती घाटी में अल्ट्रा मैराथन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की महत्ता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा और पुलिस चौकियों की व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। मैराथन के रूट और सुरक्षा मानकों को देखते हुए उन्होंने सुराईथोटा और मलारी चौकियों का निरीक्षण किय। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर पड़ने वाली प्रत्येक पुलिस चौकी की भूमिका सबसे अहम होगी। मलारी चौकी की वर्तमान स्थिति सही नहीं होने के कारण उन्होंने ज्योतिमर्ठ के प्रभारी निरीक्षक को वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत तत्काल इसके मरम्मत और आधुनिकीकरण का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश

दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं के निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

प्रमुख चौराहे सौंदर्यीकरण

देहरादून जिला प्रशासन, शहर के प्रमुख चौराहों के सुव्यवस्थित विकास और सौंदर्यकरण की दिशा में लगातार कार्य कर है। इसी क्रम में शहर के राजपुर रोड स्थित दिलाराम चौक का सुधारीकरण व सौंदर्यकरण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में दिलाराम चौक को इस प्रकार विकसित किया जा रहा है कि यहाँ आने वाले पर्यटकों एवं आगंतुकों को उत्तराखण्ड की पौराणिक संस्कृति और समृद्ध लोक परंपराओं की सजीव झलक देखने को मिले। जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल यातायात को सुगम बनाना ही नहीं, बल्कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में विकसित करना है, जिससे देहरादून की पहचान एक सुव्यवस्थित, सुंदर व सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध शहर के रूप में स्थापित हो सके।